

दिल्ली, उ0प्र0, हरियाणा, पंजाब, गुजरात एवं राजस्थान में प्रसारित।

# गुरुकृपा दर्पण

UTTHIN/2022/85670

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

डाक सं० UA/DO/DON/02/2024-2026



वर्ष : 3 | अंक : 09 | हरिद्वार | शनिवार, 3 मार्च, 2024 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 4


## तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2024 के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष प्रचार वाहनों को फ्लैग ऑफ किया

देहरादून। राजभवन देहरादून में 01 मार्च से शुरू हो रहे तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2024 के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष प्रचार वाहनों का गुरुवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने फ्लैग ऑफ किया। वसंतोत्सव के वृहद प्रचार-प्रसार के लिए फूलों से सुसज्जित दो वाहन पूरे देहरादून शहर में इस महोत्सव का प्रचार-प्रसार करेंगे। पहला प्रचार वाहन देहरादून से सेलाकुई और दूसरा देहरादून से डोईवाला सहित पूरे देहरादून शहर में भ्रमण कर पुष्प-प्रदर्शनी हेतु लोगों को जानकारी देगा। राज्यपाल ने वसंतोत्सव में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर यहां पर पुष्प-प्रदर्शनी, प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लें। इस अवसर पर अपर निदेशक उद्यान विभाग डॉ.



आर. के. सिंह, संयुक्त निदेशक उद्यान विभाग डॉ. रतन कुमार, उद्यान अधिकारी दीपक पुरोहित सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2024 का शुभारंभ 01 मार्च को प्रातः 10:00 बजे राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) करेंगे। 01 मार्च को दोपहर 01:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक तथा 02 व 03 मार्च को प्रातः 09:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक पुष्प-प्रदर्शनी जनसामान्य के लिए निःशुल्क खुली रहेगी। 03 दिवसीय आयोजन में 15 मुख्य प्रतियोगिताओं की श्रेणी में कुल 53 उप श्रेणी हैं, जिनमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिये जाएंगे। इस प्रकार कुल 159 पुरस्कार निर्णायक मण्डल के निर्णय के उपरान्त दिनांक 03 मार्च, 2024 को विजेताओं को प्रदान किये जाएंगे। इस वर्ष थुनेर को विशेष डाक आवरण जारी किये जाने हेतु चयनित किया गया है। डाक विभाग द्वारा विभिन्न डाक टिकटों की प्रदर्शनी और आर्ट गैलरी के माध्यम से पेंटिंग की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई है। इस तीन दिवसीय आयोजन में राज्य के लगभग 35 विभागों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा, जिसमें उद्यान विभाग के अतिरिक्त विभिन्न शोध संस्थान/कृषि विश्वविद्यालय/बोर्ड/निगम आदि प्रमुख होंगे। इन विभागों/संस्थानों द्वारा आयोजन में अपना स्टॉल लगाकर अपने विभाग के जनोपयोगी कार्यक्रमों/तकनीकियों का उत्कृष्टता के आधार पर प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

## पेयजल को राजकीय विभाग बनाते ही बंद हो जाएगी मेंटनेंस के बजट की बंदरबांट

देहरादून। जल निगम जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने पेयजल को राजकीय विभाग बनाए जाने की पैरवी की। जल निगम मुख्यालय में धरना देते हुए मोर्चा पदाधिकारियों ने पेयजल को राजकीय विभाग बनाए जाने के लाभ भी गिनाए। बताया कि राजकीय विभाग बनते ही मेंटनेंस के बजट की बंदरबांट बंद हो जाएगी। अनाप शनाप खरीद के नाम बजट ठिकाने लगा कर बजट बर्बाद नहीं होगा। संयोजक रमेश बिंजौला ने कहा कि कर्मचारियों की मांग है कि जल संस्थान और जल निगम को राजकीय विभाग बनाया जाए। इससे सरकार पर किसी भी तरह का कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ने वाला। बल्कि सरकार को वित्तीय लाभ ही पहुंचने वाला है। जल संस्थान कर्मचारियों के वेतन, पेंशन का पूरा खर्चा पानी के बिलों की वसूली से निकलता है। पेयजल योजनाओं पर खर्च होने वाली बिजली के बिलों का भुगतान भी सरकार ही करती है। संयोजक विजय खाली ने कहा कि जल निगम का खर्चा सेंटज से मिलने वाले बजट से होता है। पेंशन मद में सरकार 25 करोड़ की सहायता अलग से करती ही हैं। सेंटज और वेतन मद में आने वाले अंतर की भरपाई भी सरकार ही करती है। पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे में राजकीय विभाग बनाने से मेंटनेंस मद में होने वाली किसी भी तरह की अनियमितता, बंदरबांट पर पूरी तरह रोक लगेगी। सरकार का दखल बढ़ेगा। योजनाओं के निर्माण और संचालन में दोनों एजेंसियां एक दूसरे के पाले में गेंद नहीं डाल सकेगी। अफसरों से लेकर फील्ड स्टाफ की जवाबदेही सुनिश्चित हो सकेगी।


गुरुकृपा दर्पण (राष्ट्रीय समाचार पत्र) को आवश्यकता है उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों के लिए ब्यूरो चीफ, कैमरा मैन, संवादाताओं की। सम्पर्क करें – 9410731129, 9548880101


## देश के प्रभावशाली लोगों में शामिल हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी देश के 100 ताकतवर व प्रभावशाली भारतीयों की सूची में 61वें स्थान पर हैं। अपने सख्त फैसलों को लेकर उनकी रैंक में बड़ा सुधार हुआ है।एक राष्ट्रीय मीडिया हाउस ने देश के 100 ताकतवर भारतीयों की सूची आईई-2024 जारी की है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले जबकि दूसरे स्थान पर गृह मंत्री अमित शाह हैं। इसके अलावा आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, विदेश मंत्री एस जयशंकर, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ क्रमशः तीसरे, चौथे, पांचवें व छठे स्थान पर हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमन, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रमुख उद्योगपति गौतम अडानी टाप-10 की सूची में हैं। इस सूची में देश के प्रमुख राजनीतिज्ञों के अलावा उद्योपतियों, अभिनेताओं और खिलाड़ियों को स्थान दिया गया है। सूची में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने भी बड़े फैसलों से मजबूत स्थान बनाया है। वे इस सूची में 61 वें स्थान पर हैं,जबकि पिछले वर्ष उनकी रैंकिंग 93 वें स्थान पर थी। पिछले साल नवंबर माह में उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग हादसे के बाद सीएम धामी का रेस्क्यू अभियान देश-दुनिया के सामने नजीर बना। इसके अलावा देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक का मॉडल पेश किया और हल्द्वानी में भड़के दंगों पर 24 घंटे के भीतर नियंत्रण कर बड़ी कार्रवाई की। इसके साथ ही देश का नकल विरोधी सबसे सख्त कानून लागू किया है। इस सब फैसलों से उनकी छवि देशभर में मजबूत हुई है। यही वजह है कि राष्ट्रीयस्तर पर उनकी स्थिति और मजबूत हुई है।

## साधन सहकारी समितियां में लागू होगा मॉडल एक्ट

देहरादून। शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने कहा है कि आउटसोर्स के जरिए होने वाली बीआरसी-सीआरसी के साथ ही चतुर्थश्रेणी भर्ती में भी आरक्षण लागू किया जाएगा। साथ ही इन भर्तियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रश्नकाल में विधायक ममता राकेश के सवाल का जवाब देते हुए डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि बीआरसी- सीआरसी के कुल 955 पदों पर जल्द नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इसके साथ ही चतुर्थ श्रेणी के भी 2364 पदों को आउटसोर्स के जरिए भरा जाना है। उन्होंने कहा कि इन भर्तियों में आरक्षण का लाभ दिया जाएगा, साथ ही भर्तियों में उत्तराखंड के युवाओं को वरीयता दी जाएगी। विधायक मुन्ना चौहान ने कहा कि 2011 के शासनादेश के समय ही यह तय हुआ था कि स्कूलों की स्वीकृत के समय ही वहां चतुर्थ श्रेणी के पद आउटसोर्स से भरे जाएंगे, इसलिए सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उक्त पद पूर्व में स्वीकृत हैं या यह नई भर्ती होगी। विधायक विनोद चमोली ने कहा कि आउटसोर्स भर्ती में ब्लॉक स्तर नियुक्ति की जाए, इससे नियुक्त कर्मचारी अपने ब्लॉक में ही टिककर काम कर सकेंगे।

# सम्पादकीय

## प्रतिबंधों का प्रभाव



सम्पादक – देवेन्द्र जौहरी

रूस पर लगे नए पश्चिमी प्रतिबंधों की आंच भारत तक पहुंच गई है। रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवालनी की मौत और यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरा होने के मौके पर अमेरिका और यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने रूस और उससे कारोबार कर रही विदेशी कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगा दिए। इस बार उन्होंने भारतीय कंपनियों को नहीं बख्शा, जबकि उसके पहले तक आम तौर पर रूस पर लगे प्रतिबंधों से भारत अछूता रहा था। ईयू के ताजा प्रतिबंधों के दायरे में सेमीकंडक्टर अनुसंधान से जुड़ी चेन्नई स्थित कंपनी एआई2 माइक्रोसिस्टम्स भी आई है। इस कंपनी की भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना तकनीक मंत्रालय के साथ सहभागिता है। इस रूप में कहा जा सकता है कि परोक्ष रूप से ईयू के प्रतिबंधों के दायरे में भारत सरकार भी आ गई है। एआई2 माइक्रोसिस्टम्स के रूसी कंपनियों के साथ कारोबारी रिश्ते बताए जाते हैं। एक अखबार की खबर के मुताबिक उस पर एवं अन्य कंपनियों पर लगे प्रतिबंधों का भारत पर क्या असर होगा, इसका भारत सरकार अभी आकलन कर रही है। इस बीच मीडिया में ऐसी खबरें भी आई हैं कि भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात नए प्रतिबंधों से प्रभावित होने लगा है। गुजरे दो साल में रूस के सस्ते कच्चा तेल को शोधित कर विश्व बाजार में बेचना कई भारतीय कंपनियों के लिए बेहद लाभकारी साबित हुआ।

# हरियाणा से दबोचा पांच हजार का इनामी



हरिद्वार। किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में फरार चल रहे पांच हजार के इनामी आरोपी को रानीपुर पुलिस ने जींद से धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि जनवरी में एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। बताया कि पुलिस टीम ने कुछ ही दिन में नाबालिग को ढूंढ निकाला था लेकिन आरोपी फरार चल रहा था। एसएसपी ने आरोपी पर पांच हजार का इनाम घोषित किया था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी जींद में रहकर दुकान में काम कर रहा है। पुलिस टीम ने जींद जाकर आरोपी को पकड़ लिया।

## हरिद्वार स्टेशन से चलेगी ऊना हिमाचल-सहारनपुर ट्रेन

हरिद्वार। मुरादाबाद मंडल रेल प्रशासन ने हरिद्वार और रुड़की के यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन 04502 और 04501 ऊना–सहारनपुर–ऊना ट्रेन के संचालन का विस्तार किया है। अब दोनों ट्रेनें हरिद्वार रेलवे स्टेशन तक संचालित होंगी। सहारनपुर और हरिद्वार के बीच रुड़की रेलवे स्टेशन पर भी ट्रेनों को ठहराव दिया जाएगा। सीनियर डीसीएम कोचिंग सुधीर सिंह ने बताया कि ट्रेन 04502 ऊना –सहारनपुर चार मार्च से ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन से दोपहर 1:50 बजे प्रस्थान करेगी। सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर शाम 7:20 से 7:25 बजे के बीच पहुंचेगी।

# मुंबई अश्वमेध महायज्ञ के सफल समापन के बाद शांतिकुंज लौटी टीम



## राष्ट्र में धर्मतंत्र का विशेष स्थान : शैल दीदी



(जतिन शर्मा)

हरिद्वार। हमारे ऋषियों द्वारा प्रदत्त सांस्कृतिक धरोहर की ओर अब दुनिया चलने लगी है। देश दुनिया अब भारत की ओर आशा भरी दृष्टि से देख रहा है। राष्ट्र में धर्मतंत्र का विशेष स्थान है। राजतंत्र धर्मतंत्र के आगे नतमस्तक हो रहा है। उक्त विचार शांतिकुंज की अधिष्ठात्री शैलदीदी ने व्यक्त की। वे मुंबई में पांच दिवसीय अश्वमेध महायज्ञ के अभूतपूर्व सफलता के साथ समापन के बाद लौटी शांतिकुंज टीम के साथ समीक्षा बैठक कर रही थी। उल्लेखनीय है कि शांतिकुंज से आचार्यों, व्यवस्था, यज्ञशाला, निर्माण, भोजनालय, मीडिया, प्रदर्शनी व अन्य विभागों से वरिष्ठ सदस्यों की टीम गयी थी। आवश्यक व्यवस्था को छोड़कर शेष टीम लौट आई। इस अवसर पर श्रद्धेया शैलदीदी ने कहा कि जिस प्रकार केंद्र सरकार और राज्य सरकार के अग्रिम पंक्ति के लोगों ने अश्वमेध महायज्ञ में प्रतिभाग किया, आयोजन को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की और महायज्ञ के उद्देश्यों की पूर्ति का संकल्प लिया, वह यह बताता है कि देश का राजतंत्र धर्मतंत्र को अपने से ऊपर का स्थान दे रहा है। मुंबई अश्वमेध महायज्ञ में दायित्व संभाल रहे टीम के कार्य व्यवहार की प्रशंसा करते हुए उन्होंने मुंबई अश्वमेध महायज्ञ में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले अन्य सभी महानुभावों, स्वयंसेवकों और श्रद्धालु भक्तों, मीडिया संस्थानों को उनकी सेवा भावना, सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख श्रद्धेय डॉ प्रणव पण्ड्या ने कहा कि सांस्कृतिक पुर्नस्थापना की ओर गायत्री परिवार का यह एक सार्थक कदम है। युगऋषि के सपनों का भारत दिव्य व विकसित, सबल भारत के निर्माण तक हमें सतत आगे बढ़ते रहना। आपसी समन्वय सहयोग, प्रचंड पुरुषार्थ, श्रद्धेयद्वय के आशीष मार्गदर्शन, गुरुसत्ता की परम कृपा, युवा आइकॉन डॉ चिन्मय के कुशल नेतृत्व और स्थानीय परिजनों के समर्पण से अश्वमेध मुंबई अद्भुत सफलताओं के साथ सम्पूर्ण हुआ। ठीक वही अनुभव हो रहा है, जैसे प्रभु श्रीराम जी के साथ हम सब रीछ वानर राम सेतु बना रहे हो।

धर्म तंत्र के आगे राजतंत्र नतमस्तक, सशक्त राष्ट्र, खुशहाल और व्यसन मुक्त हो रहा समाज – प्रधानमंत्री मोदी, केन्द्रीय रक्षामंत्री, जेपी नड्डा व देश विदेश के मीडिया संस्थानों ने भी सराहा महायज्ञ के अंतिम दिन प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि मैं चालीस साल से गायत्री परिवार के कार्यों को जानता हूँ। मुझे अश्वमेध महायज्ञ हेतु आमंत्रण मिला, लेकिन समयाभाव के कारण उपस्थित नहीं हो सका। इसलिए उन्होंने महायज्ञ में वर्चुअल भागीदारी की। उनका यह कहना गायत्री परिवार के अभियानों को पुख्ता करता है। केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फणनवीस, वन व संस्कृति मंत्री सुधीर मुनगंटीवार सहित अनेक मंत्रियों, कलाकार ने भी महायज्ञ में पहुंचे और अपनी सहभागिता निभाई। शांतिकुंज मीडिया विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पांच दिवसीय अश्वमेध महायज्ञ में भारत, कनाडा, रशिया, अमेरिका सहित पचास से अधिक देशों के पाँच करोड़ से अधिक लोगों ने प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से प्रतिभाग किया। लाखों लोगों ने अश्वमेध महायज्ञ में गुरु दीक्षा से जुड़े। हजारों की संख्या में विभिन्न संस्कार सम्पन्न कराये गये। इस दौरान एक हजार से अधिक लोगों ने रक्तदान किया, जिसे स्थानीय अस्पताल में जरूरतमंदों के लिए सुरक्षित कराया गया। तो वहीं पर्यावरण संरक्षण के लिए दो लाख सत्रह हजार से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधे वितरित किये गये। मुंबई का 47वां महायज्ञ पूरी तरह से व्यसन मुक्त रहा। इस दौरान एक लाख से अधिक ने व्यसन मुक्त विश्व बनाने के लिए संकल्पित हुए। अश्वमेध महायज्ञ को देश-विदेश के मीडिया संस्थानों ने भी प्रमुखता से स्थान दिया और सराहा। यह कार्यक्रम न भूतो न भविष्यति रहा। अभूतपूर्व सफलता के साथ सम्पन्न हुआ।

## लघु व्यापारियों को दिए जाए करोबारी लाइसेंस

हरिद्वार। चंडी चौराहा मार्ग पर बने प्रथम वेंडिंग जोन परिसर में लघु व्यापारियों को परिचय पत्र बांटे गए। इस दौरान पंजीकृत लघु व्यापारियों ने कारोबारी लाइसेंस दिए जाने की मांग की। इस मौके पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा सभी सदस्य संगठनों के प्रतिनिधियों को परिचय पत्र दिए जा रहे हैं ताकि रेड़ी-पटरी के लघु व्यापारी अपनी पहचान बता सकें। कहा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना, राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत वर्ष 2018 के सर्वे के अनुसार नगर निगम में पंजीकृत लघु व्यापारियों को विक्रय प्रमाण पत्र दिया दिए जाने चाहिए।

Darpan NEWS

देवेन्द्र जौहरी

**सहसम्पादक**

जतिन शर्मा

**सहसम्पादक**

विक्रान्त शर्मा

**कानूनी सलाहकार**

जसमहिन्द्र सिंह एडवोकेट

# एम्स में नर्सिंग इंफॉर्मेटिक्स एक आगामी प्राथमिकता विषयक अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन










(जतिन शर्मा)

ऋषिकेश। स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी के लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य को समझने के लिए एम्स, ऋषिकेश के नर्सिंग कॉलेज ने संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) मीनू सिंह के कुशल मार्गदर्शन में नर्सिंग इंफॉर्मेटिक्स एक आगामी प्राथमिकता विषयक अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। कॉलेज ऑफ नर्सिंग परिसर में आयोजित कार्यशाला का संस्थान की डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर( डॉक्टर) जया चतुर्वेदी, एमएस प्रोफेसर (डॉ.) आर. बी. कालिया, प्रिंसिपल नर्सिंग, प्रोफेसर( डॉ.) स्मृति अरोड़ा ने विधिवत उद्घाटन किया। कार्यशाला में बतौर व्याख्याता लंदन की मेधा वर्मा और सुश्री मेटिल्डा (सलाहकार, ऑस्ट्रेलिया) के अलावा संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष अकादमिक प्रोफेसर (डा.) जया चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स में प्रौद्योगिकी के लाभों और सीमाओं पर जोर दिया और मरीजों की देखभाल करते समय मानवीय स्पर्श और आत्मियता के साथ देखरेख किए जाने की आवश्यकता बताई। एम्स अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर आरबी कालिया ने मरीजों के इलाज के दौरान एकत्र किए गए डेटा के महत्व पर जोर दिया और बताया कि हम मरीजों के लाभ के लिए एकत्रित डेटा को किस तरह से उपयोग में ला सकते हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि कोविड-19 ने देश में और खासतौर से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में डिजिटलीकरण प्रक्रिया को और बढ़ाया है। नर्सिंग प्राचार्य प्रोफेसर स्मृति अरोड़ा ने नर्सिंग में उपयोग की जाने वाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे रोबोट नर्स, स्मार्ट घड़ियां, अलार्म सिस्टम, गेमिफिकेशन, चैट जीपीटी और पहनने योग्य प्रौद्योगिकियों के कुछ उदाहरण साझा किए। स्वास्थ्य सेवा में सूचना प्रणाली- एक उन्नत क्षेत्र विषय आधारित कार्यशाला के पहले सत्र में व्याख्यान देते हुए श्री सतीश पी. (ए.एन.एस), ने मरीज के एडमिशन से लेकर डिस्चार्ज तक अस्पताल में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य देखभाल मॉड्यूल के बारे में विस्तार से बताया। श्रीनागा श्रीकांत दरला (ए.एन.एस) ने नर्सिंग सूचना विज्ञान प्रणालियों के कामकाज, इसके प्रबंधन और कुछ उप-मॉड्यूल पर प्रकाश डाला जो नर्सों के लिए बहुत उपयोगी हैं। मेटिल्डा चिट्टिनापिली जोस (बिजनेस चेंज कंसल्टेंट-ईएमआर, एडिलेड, ऑस्ट्रेलिया) ने विद्यार्थियों को अनुभव साझाकरण सत्र के माध्यम से एम्स नई दिल्ली के डिजिटलीकरण की यात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को एक कामकाजी पेशेवर के रूप में अपनी यात्रा के बारे में बताया। उन्होंने डिजिटलीकरण के दौरान संस्थान के लिए काम करते समय आने वाली चुनौतियों और सहायक कारकों पर भी चर्चा की। डॉ. मेधा वर्मा (व्याख्याता, वयस्क नर्सिंग, बकिंघमशायर न्यू यूनिवर्सिटी) द्वारा लिए गए सत्र में उपस्थित लोगों ने नैदानिक वर्कफ़्लो का समर्थन करने और देखभाल समन्वय में सुधार करने के लिए सूचना प्रणालियों को अनुकूल बनाने में मूल्यवान जानकारियों का आदान-प्रदान किया। आईटी प्रभारी, एम्स ऋषिकेश विनीत कुमार व सुश्री दीपिका कांडपाल (एसएनओ, एम्स, ऋषिकेश) ने छात्रों को टेलीहेल्थ और रिमोट पेशेंट मॉनिटरिंग प्रणाली से अवगत कराया, इस सत्र में विद्यार्थियों ने जाना कि दूरस्थ परामर्श और वास्तविक के लिए टेलीमेडिसिन प्लेटफार्मों का लाभ किस तरह से उठाया जा सकता है। यह सत्र स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने और रोगी जुड़ाव में सुधार के संदर्भ में खासतौर से व्यावहारिक साबित हुआ। संस्थान के वरिष्ठ लाइब्रेरियन, संदीप कुमार सिंह ने वैज्ञानिक साक्ष्य उत्पन्न करने के लिए प्रभावी साहित्य मानचित्रण पर व्याख्यान दिया, जिससे प्रतिभागियों को नर्सिंग अभ्यास को सूचित करने के लिए साहित्य समीक्षा करने और साक्ष्य को संश्लेषित करने में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की गई। प्रतिभागियों ने प्रासंगिक साहित्य की पहचान करने और साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने में योगदान देने के साथ-साथ जानकारी खोजने के लिए विभिन्न वैश्विक संसाधनों का उपयोग करने के लिए डेटाबेस और खोज रणनीतियों का उपयोग करने में व्यावहारिक कौशल प्राप्त किया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ध्यान केंद्रित करते हुए %हेल्थकेयर का भविष्य% विषयक सत्र में सहायक प्रोफेसर, डॉ. राकेश शर्मा ने नैदानिक निर्णय लेने, रोग की भविष्यवाणी में क्रांति लाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रतिभागी एआई-संचालित भविष्य कहनेवाला विश्लेषण और रोगी परिणामों में सुधार के लिए इसके निहितार्थ पर चर्चा से मंत्रमुग्ध हो गए। नर्सिंग सूचना विज्ञान कार्यशाला में प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को जाना व नर्सिंग सूचना विज्ञान में उभरते रुझानों नवाचारों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों की खोज करके, प्रतिभागियों ने डिजिटल परिवर्तन को अपनाकर अपने पेशे में सकारात्मक बदलाव की सीख ली। कॉलेज ऑफ नर्सिंग की सहायक प्रोफेसर सुश्री राखी मिश्रा के संचालन में आयोजित कार्यशाला में डॉ. राजेश कुमार, डॉ. मलारकोडी एस., डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. राजराजेश्वरी, सुश्री श्रीविद्या आदि मौजूद थे।

## चार सटोरिये दबोचे, नगदी बरामद

हरिद्वार। पुलिस ने चार सटोरियों को पकड़ कर उनके पास से नगदी बरामद की। नगर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मुजफ्फरनगर निवासी राजन और रामपुर के फईम मलिक को 7040 रुपये और सट्टा पर्ची के साथ पकड़ा गया। ज्वालापुर क्षेत्र में पुलिस ने कैथवाड़ा निवासी शाहनवाज उर्फ नोनू को 790 रुपये और सट्टापर्ची के साथ दबोचा।

## चुनाव ड्यूटी में तैनात कार्मिकों हेतु १२०० हेल्थ किट तैयार

पौड़ी। लोकसभा चुनावों को लेकर स्वास्थ्य महकमे ने भी अपनी तैयारियां की है। जिले में अब तक जहां स्वीप गतिविधियों को लेकर विभाग ने कंट्रोल रूम शुरू किया है वहीं चुनाव ड्यूटी में तैनात कार्मिकों के लिए 1200 हेल्थ किट बनाकर भी तैयार हो गई है। अफसरों के मुताबिक ये हेल्थ किट हर बूथ भेजी जाएगी। वहीं चुनावों में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी विभाग ने तैयारियां की है। पौड़ी के सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि आयोग की एसओपी के तहत काम शुरू किया गया है। इसके लिए एक नोडल अफसर भी तैनात किया गया है। स्वीप गतिविधियों को लेकर ब्लाक वार एएनएम सेंटरों की लिस्ट बनाई जा रही है। इनमें जल्द ही वोटर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं नोडल अफसर डॉ. एसडी वर्मन के मुताबिक चुनाव ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कार्मिकों के साथ ही अन्य कार्मिकों के लिए हेल्थ की सभी सुविधाओं पर काम शुरू किया गया है। यदि किन्हीं कारणों से एयर एबुलेंस की जरूरत पड़ती है तो विभाग इसके लिए भी तैयारी कर रहा है। इसके साथ ही 108 सेवा को भी जोड़ा जा रहा है। इसमें किस बूथ से कितना समय संबंधित पास के स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में लगेगा इसको लेकर भी खाका खींचा जा रहा है। पोलिंग बूथ तक चुनाव ड्यूटी में तैनात कार्मिकों को हेल्थ संबंधी सुविधाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग ने टेली एवं वीडियो कंसल्टेशन सेंटर श्रीनगर मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल पौड़ी में प्रस्तावित कर दिए है। हर सेंटर पर कम से कम मय स्टाफ के 4 डाक्टर तैनात रहेंगे। जो हेथ्ल किट बनाकर तैयार की गई है उनमें 1200 किट बना दी गई है।

# जीवन का सम्मान और जीवन जीने का अधिकार सभी की प्राथमिकता : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

(जतिन शर्मा)

ऋषिकेश । अन्तर्राष्ट्रीय शून्य भेदभाव दिवस के अवसर पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने दिनाँक 1 मार्च को कहा कि ''भेदभाव समाज में एक कलंक की तरह है। यदि हम समाज में व्याप्त भेदभाव का समाधान नहीं करेंगे तो हम स्वास्थ्य और सतत विकास लक्ष्य को साकार नहीं कर पायेंगे। वैश्विक स्तर पर व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने के लिये वैश्विक एकजुटता को बढ़ावा देना होगा तथा सभी को मिलकर एक समावेशी, करूणामय और शान्तियुक्त वातावरण के निर्माण हेतु अपना योगदान प्रदान करना होगा। जाति, लिंग, आयु या विकलांगता के आधार पर किसी भी व्यक्ति या समुह के प्रति पक्षपातपूर्ण, अन्यायपूर्ण या पूर्वाग्रहपूर्ण व्यवहार किसी भी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन के लिये हानिकारक है जो अलगाववादी भावना को जन्म देता है। साथ ही इससे स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक लोगों की पहुंच कम हो जाती है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि सभी प्रकार के भेदभावों को समाज से समाप्त करने के लिये हमें अपने-अपने स्तरों पर सभी संस्कृतियों का उत्सव मनाना होगा तथा कट्टरता, घृणास्पद संदेशों व उद्बोधनों को समाप्त कर एकजुटता और समानता के व्यवहार को बढ़ावा देना होगा ताकि समावेशिता, सहानुभूति तथा सहिष्णुता से युक्त वातावरण का निर्माण किया जा सके। स्वामी जी ने कहा कि भेदभाव या असमानता ऐसी सामाजिक समस्याएं हैं जिनका पूरे समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता हैं। इनके कारण मानवाधिकारों के हनन के साथ ही स्वतंत्रता और गरिमा रूपी मानवीय मूल व मूल्य भी कमजोर होते हैं। इनका मूल या कारण कुछ भी हो परन्तु समाज में व्याप्त असमानता व भेदभाव के कारणों की जांच करने और उन्हें गहराई से समझने की जरूरत है। इन पूर्वाग्रहों और असमानताओं को दूर करने के लिए हमें पहले उन्हें पहचानना होगा और फिर उनमें परिवर्तन लाने व सुधार करने हेतु प्रयास करना होगा क्योंकि यदि असमानता और भेदभाव इसी प्रकार पीढ़ी दर पीढ़ी दोहराया जायेगा तो एक समावेशी व प्रगतिशील समाज की स्थापना नहीं की जा सकती। भारत में इस ओर उत्तरोत्तर सुधार हो रहा है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। सार्वजनिक क्षेत्रों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना आवश्यक है। महिलाओं को उनके घरों, कार्यस्थलों और समाज में समानता दिलवाने के लिये एक व्यावहारिक बदलाव लाने की अत्यंत आवश्यकता है। भेदभाव किसी भी प्रकार का हो उसका समाज पर व्यापक और दूरगामी प्रभाव पड़ता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि भेदभाव को समाप्त करना और समानता को बढ़ावा देना मानवाधिकारों का विषय भी है। आध्यात्मिक गुरू और विख्यात मानवतावादी चिंतक स्वामी विवेकानंद जी ने बहुत खूबसूरती से साझा किया कि 'किसी राष्ट्र की प्रगति का सबसे अच्छा पैमाना वहां की महिलाओं के साथ हो रहे व्यवहार से है। उनका मानना है कि, 'जब तक महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं होगा तब तक दुनिया का कल्याण नहीं हो सकता' इसलिये आईये हम सभी मिलकर भेदभाव और असमानता को दूर करने हेतु कदम बढ़ाये और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु अपना योगदान प्रदान करें। परमार्थ निकेतन में विभिन्न सेमिनारों और कार्यक्रमों के द्वारा विभिन्न धर्मों के धर्मगुरूओं को एक मंच प्रदान किया जाता है जहां से वे मिलकर समाज में व्याप्त भेदभावों पर खुल कर चर्चा हो सके।



## विवाहिता को पीटा, घर से निकाला

हरिद्वार। शिवालिक नगर निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष दहेज के लिए घर से निकालने का आरोप लगाकर रानीपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिवालिक नगर निवासी महिला ट्विंकल ने तहरीर में बताया कि पिछले साल मई में उसकी शादी पटियाला की बाजवा कॉलोनी निवासी रेलवे में तैनात रोहित कुमार पुत्र ऋषिपाल सिंह से हुई थी। आरोप है कि रोहित कुमार, ससुर ऋषिपाल, जेठ रवि, ननद रेणु, ननदोई गुलशन, ननद रीता, ननदोई रविंद्र, ननद रविता, ननदोई संजय कुमार ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि दहेज में कार और बीस लाख की मांग की जाने लगी। पति ने धमकी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर दूसरी शादी कर लेगा। आरोप है कि सितंबर 2023 में उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया।

# मोटे अनाज का उत्पादन को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र विस्तार की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

देहरादून । सीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने कृषि एवं उद्यान विभाग को प्रदेश में अनुपयोगी घाटियां एवं जमीनों को चिह्नित कर उनमें मंडुआ, झंगोरा एवं चौलाई के बड़े स्तर पर उत्पादन को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र विस्तार की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए । मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने मंडुआ, झंगोरा व चौलाई का उत्पादन बढ़ाने तथा सप्लाई चेन को बेहतर करने के सम्बन्ध में गुरूवार को विधानसभा भवन में हाउस ऑफ हिमालया तथा मिलेट मिशन की बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किये हैं। सीएस ने कृषि एवं उद्यान विभाग को प्रदेश में अनुपयोगी घाटियां एवं जमीनों को चिह्नित कर उनमें मंडुआ, झंगोरा एवं चौलाई के बड़े स्तर पर उत्पादन को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र विस्तार की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाना है। इसका संचालन महिला स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता से दिया जाना चाहिए। मुख्य सचिव ने कहा है कि मंडुआ, झंगोरा, चौलाई तथा अन्य स्थानीय उत्पादों के उत्पादन तथा प्रोक्यूरमेंट को बढ़ाने के लिए कृषि एवं उद्यान विभाग के साथ ही सहकारिता विभाग को भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इस दिशा में मुख्य सचिव ने यूसीएफ (उत्तराखण्ड स्टेट कॉपरेटिव फेडरेशन) तथा हाउस ऑफ हिमालया के मध्य एमओयू किये जाने हेतु निर्देश दिए हैं। सीएस ने झंगोरा तथा चौलाई की एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के सम्बन्ध में प्रस्ताव बनाने के सम्बन्ध में इनपुट कॉस्ट (लागत मूल्य ) का अध्ययन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी ने विधानसभा, सचिवालय, सहित जीएमवीएन, केएमवीएन आदि सभी सरकारी भवनों एवं संस्थानों में परोसे जाने वाले खाद्य उत्पादों में मिलेट्स मंडुआ, झंगोरा आदि का उपयोग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने विशेषरूप से महिला विकास एवं बाल कल्याण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग को महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य विकास हेतु मंडुआ, झंगौरा, चौलाई जैसे स्थानीय मिलेट्स को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में एएनएम, आशा वर्कर्स तथा आंगनबाड़ी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उत्तराखण्ड के अम्ब्रेला ब्राण्ड हाउस ऑफ हिमालया की मजबूती के लिए तथा स्थानीय उत्पादों की बेहतरीन मार्केटिंग के लिए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के बड़े स्थापित ब्राण्ड्स की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं। सीएस ने निर्देश दिए हैं कि उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों हेतु प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करने वाले हाउस ऑफ हिमालया के तहत उत्पादों की गुणवत्ता तथा प्रमाणीकरण का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, श्रीमती राधिका झा, वी बी आर सी पुरूषोत्तम, विनोद कुमार सुमन, चन्द्रेश कुमार, अरविन्द सिंह हयांकी, अपर सचिव मनुज गोयल तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।



## अवैध खनन में लगी एक जेसीबी सीज

हरिद्वार। पुलिस ने नसीरपुर कलां खेतों में छापेमारी कर एक जेसीबी को पकड़ा है। पुलिस की भनक लगते ही खनन कर रहे लोग अपने वाहनों को लेकर मौके से भाग निकले। पकड़ी गई जेसीबी को अवैध खनन की धाराओं में सीज किया गया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर ने नसीरपुर कलां के नजदीक जेसीबी से अवैध खनन होने की सूचना पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने छापेमारी कर एक जेसीबी को पकड़ा। इसकी भनक लगने पर अवैध खनन कर रहे लोग अपने वाहन, डंपर और ट्रैक्टरों को लेकर भाग निकले। एसओ पथरी रविंद्र कुमार ने बताया अवैध खनन की सूचना पर छापेमारी की गई। एक जेसीबी को अवैध खनन में सीज किया गया है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक
**देवेन्द्र जौहरी** द्वारा
साप्ताहिक समाचार पत्र
**''गुरुकृपा दर्पण''** को
रूद्र प्रिंटिंग प्रेस, ई-34,
ओल्ड इड्रस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं
एस-3, अशोक विहार कालोनी,
कनखल, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)
से प्रकाशित।
सम्पादकः **देवेन्द्र जौहरी**
मो. - 9997331129
E-mail :
gurukripadarpan@gmail.com